दिन—गुरूवार दिनांक— 21 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति है। दक्षिण कोरिया के सोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान रही है। श्री मोदी ने कहा कि अब से कुछ ही सप्ताह में भारत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अरब मतदाताओं के मतदान करने के साथ, यह मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी अभ्यास होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोग एक बार फिर लोकतंत्र में अपना विश्वास जताएंगे।

———————————————————————

गया सुरक्षित लोकसभा सीट से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने यह घोषणा की। एनडीए की ओर से सीट बंटवारे में हम पार्टी को गया सीट मिली है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने गया संसदीय क्षेत्र के लिए कुमार सर्वजीत को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र, राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से सभी अनधिकृत राजनीतिक पोस्टरों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को कई पक्षों से शिकायतें मिल रही हैं कि अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन देश के कई स्थानों पर अभी भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों का अनुपालन नहीं होने या आंशिक अनुपालन होने को गम्भीरता से लिया है। आयोग ने इस मामले में अनुपालन रिपोर्ट आज शाम पांच बजे तक भेजने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भ्रामक सूचना से लोकतंत्र की प्रक्रिया को क्षति हो सकती है। आयोग ने कड़े दिशा—निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। आयोग ने स्थिति की

गम्भीरता का उल्लेख करते हुए कहा है कि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच कर लेनी चाहिए।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर जारी विकसित भारत संदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार आम चुनाव की घोषणा के बावजूद नागरिकों के फोन पर ऐसे संदेश मिलने की कई शिकायतें मिली हैं। इसके जवाब में, मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि पत्र आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के हर हर महादेव चौक स्थित एक निजी बैंक से हथियारबंद अपराधियों ने बीस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि पांच की संख्या में आये लुटेरों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, इकतीस मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को इकतीस मार्च को लेन–देन सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

———————————————————————

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गैस सेलेण्डर बिस्फोट में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी। इनमें तीन बच्चे शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये परिवार बिहार का रहने वाला है।

———————————————————————

रेलवे होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पांच सौ चालीस विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये रेलगाडियां देश के प्रमुख स्थानों के लिए चलेंगी। विशेष ट्रेन दिल्ली से पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और सहरसा के अलावा गोरखपुर–मुम्बई, कोलकाता–पुरी, गुवाहाटी–रांची और नई दिल्ली–श्री माता वैष्णोदेवी कटरा के लिए चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने बताया कि इस बार होली के दौरान पिछले वर्ष के मुकाबले दो सौ उन्नीस अधिक रेलगाडियां चलाई जाएंगी। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। रेलगाडियों के सुचारू परिचालन के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों की आपात ड्यूटी लगाई गई है।

———————————————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने तकनीकी कारणों से इक्कीस मार्च से इकतीस मार्च तक पांच जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ियों का परिचान रद्द कर दिया है। इनमें बरौनी– समस्तीपुर डेमू पैसेंजर स्पेशल, सोनपुर–छपरा मेमू पैसेंजर स्पेशल और समस्तीपुर– मुजफ्फरपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। वहीं, दानापुर–बरौनी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का आंशिक समापन मोकामा और पटना–बरौनी मेमू पैसेंजर ट्रेन का आंशिक समापन विद्यापतिधाम में किया जाएगा।

———————————————————————————————————

राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पीजी परीक्षा अब तेईस जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा सात जुलाई को होनी थी। इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एन टी ए ने कहा है कि लोकसभा चुनावों के कारण चौबीस मई को निर्धारित श्रेष्ठ – एनईटीएसई परीक्षा की तिथि में भी परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा ग्यारह मई को होगी।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।